तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 9 जुलाई 2024

10 स्वयंसेवी और स्कूली बच्चे जगाएंगे शिक्षा की अलख



12 उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बस्तर जोन बना ओवरऑल चैंपियन






## NEET/JEE में सलेक्शन नहीं तो फीस नहीं : PCI भिलाई

जो स्टूडेन्ट NEET व JEE की तैयारी करना चाहते हैं। उनके लिए सुनहरा अवसर है क्योंकि 15 जुलाई से नया बैच प्रारंभ होने जा रहा है जिसका नाम NEET व JEE जूनून बैच है।

इस बैच में पढने वाले स्टूडेन्ट को NEET व JEE में चयन होने के बाद ही फीस लिया जाता है यह बैच सीमित स्टूडेन्ट के लिए है केवल 40 स्टूडेन्ट ही इस बैच में पढाई करेंगे। इस बैच में प्रत्येक दिन 6 घंटे की क्लास व 3 घंटे की डाऊट क्लास इस तरह प्रत्येक दिन 9 घंटे की क्लास होगी। हर रविवार NEET व JEE आधारित साप्ताहिक टेस्ट होगी। इस बैच में पढाने वाले शिक्षकगण दिल्ली व कोटा के विषय विशेषज्ञ डाक्टर्स व आईआईटियन्स है। स्टूडेन्ट को क्लास में DPP, कम्पलीट स्टडी मटेरियल पैकेज, बैग, टी शर्ट दी जायेगी। लाइब्रेरी व छात्रावास की भी सुविधा है। कोर्स कम्प्लीट उपरान्त स्टूडेन्ट को ऑल इण्डिया टेस्ट सीरीज कराया जायेगा। बच्चों को मोटिवेशनल क्लास भी कराया जाता है जिससे उनमें आत्मविश्वास जागृत होती है।

जूनून बैच जैसे कि नाम से विदित हो रहा है कि सभी स्टूडेन्ट का नीट व जेईई में चयन कराना यह ऐसा बैच है जिसका सलेक्शन रेशियो 100% होता है। PCI भिलाई का उद्देश्य है कि हर स्टूडेन्ट देश के प्रतिष्ठित एम्स कॉलेज व आई.आई.टी. कॉलेज में पढ़ाई करें।

जूनून बैच के स्टूडेन्ट ने पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक अलग पहचान बनाया है जो छत्तीसगढ़ में एक अतुल्य परिणाम है।

आज नीट व जेईई में चयन होना बहुत ही आसान है। इसके लिए स्टूडेन्ट को प्रतिदिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाऊट क्लास अटेण्ड करना है। DPP को प्रैक्टीस करना है व डाऊट पूछना है। हर संडे टेस्ट देना है।

बस इतना कार्य स्टूडेन्ट ईमानदारी से कर लेता है तो उसे नीट व जेईई में सलेक्शन होने से कोई नहीं रोक सकता, बस यही सफलता का मूलमंत्र है। तो चलो स्टूडेन्ट आज ही जूनून बैच ज्वाइन करें व सफलता का इतिहास गढ़े।

**PCI संस्था भिलाई में शॉप नं. 133 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई में संचालित होती है। मो.नं.- 7805888600.**

Advt.



प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E., PGDCA, DCA, BCA, PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त (पं.र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज
बेलभाठा, अभनपुर
प्राचार्य - 99261-62830


## खबर संक्षेप

### कांग्रेस का धरना और सांसद निवास में बार-बार बिजली गुल



**जगदलपुर।** बिजली संकट को लेकर कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में आज धरना प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। बिजली की समस्या का हाल बस्तर में भी ठीक ठाक नहीं है। आज सोमवार की सुबह सांसद महेश कश्यप के गृह ग्राम कलचा में भी बिजली की समस्या दिखाई पड़ी। सांसद अपने निवास में आने वालों से मेल मुलाकात कर उनकी समस्या सुन रहे थे। आंगन में बने शेड में एक दर्जन से अधिक पंखे लगे हैं जो बार-बार रूक जाते थे। इससे पता लग रहा था कि बिजली बार-बार गुल हो रही है। वहीं सांसद निवास में कम्प्यूटर का काम भी बिजली गुल होने से प्रभावित हो रहा था। लोगों का कहना था कि आम नागरिक ही नहीं बल्कि सांसद भी बिजली संकट से जूझ रहे हैं।

### गंभीर विवाद के स्थान पर तत्काल स्वयं पहुंचे वरिष्ठ अधिकारी: दुदावत

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने जिले में कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान अधिकारियों को सजगता के साथ कार्य करने तथा गंभीर विवादों के स्थान पर तत्काल स्वयं पहुंचकर विवादों का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्याओं के समाधान के लिए धैर्यपूर्वक कार्य करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने इस दौरान आगामी नगरीय निकाय चुनावों को देखते हुए भी कानून व्यवस्था को चुस्त दुरस्त बनाए रखने के निर्देश देते हुए निगरानीशुदा बदमाशों पर कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अनुविभागीय दण्डाधिकारी, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी एवं तहसीलदार उपस्थित रहे।

**लापरवाही:** मेडिकल अवकाश पर चले गए उपसंचालक


# टाउन प्लानिंग दफ्तर में ताला, अफसर समेत सभी कर्मचारी रहे नदारद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- अतिरिक्त चार्ज वाले अफसर नहीं आए

कलेक्टोरेट के कंपोजिट बिल्डिंग के तीसरे माले पर स्थित नगर तथा ग्राम निवेश का उपसंचालक कार्यालय में ताला लटका हुआ है। उपसंचालक बीएल बांधे का कक्ष क्रमांक 29 और कक्ष क्रमांक 30 स्टोर रूम तथा कर्मचारियों का कक्ष क्रमांक 31 स्थापना कक्ष तीनों में आज सोमवार को भी ताला जड़ा हुआ था। कलेक्टोरेट में कुछ दिनों से टाउन प्लानिंग दफ्तर में कलेक्टर द्वारा ताला लगाने की चर्चाएं चल रही है। हरिभूमि ने सोमवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। दोपहर करीब 3 बजे उपसंचालक टाउन प्लानिंग के दफ्तर के तीनों कमरों में ताले लगे थे और एक भी कर्मचारी मौजूद नहीं था। मिली जानकारी के मुताबिक उपसंचालक बीएल बांधे मेडिकल अवकाश पर चले गए हैं। यह भी बताया जा रहा है कि उपसंचालक के कार्यप्रणाली से कलेक्टर नाखुश हैं। टीएल मीटिंग में भी अफसर के नदारद रहने से दफ्तर में ताला लगाने की बात कही जा रही है। बहरहाल अफसर समेत सभी कर्मचारी नदारद थे और तीनों कमरों में ताला लगा था यह साफ दिखाई पड़ा।




#### उपसंचालक पर होगी कार्रवाई

जगदलपुर में पदस्थ उपसंचालक आवेदन देकर मेडिकल अवकाश पर चले गए हैं, उन पर कार्रवाई की जाएगी। उनकी जगह जांजगीर-चांपा में पदस्थ अधिकारी को जगदलपुर का चार्ज दिया गया है। लेकिन वे कुछ पारिवारिक समस्या के चलते चार्ज नहीं लिए हैं।

**संदीप बांगड़े,** अपर संचालक टाउन प्लानिंग रायपुर

#### कल खुल जाएगा दफ्तर

टाउन प्लानिंग के उपसंचालक के आने की जानकारी मिली है संभवत: कल कार्यालय खुल जाएगा, स्टाफ की भी समस्या है।

**विजय दयाराम के.,** कलेक्टर बस्तर

#### केवल बस्तर जिले का नहीं बल्कि संभागीय कार्यालय है

नगर तथा ग्राम निवेश के बारे में भूमि संबंधी कार्य करने वाले लोगों ने बताया कि यह दफ्तर केवल बस्तर जिले का नहीं है बल्कि दंतेवाड़ा, बीजापुर, कोण्डागांव समेत अन्य जिलों का भी काम यहां होता है। जमीन का डायवर्सन, नवीनीकरण के कार्य समेत कॉलोनियों का नक्शा भी यहीं से पास होता है। निजी अथवा कॉलोनी सभी तरह के जमीन संबंधी कार्यों की अनुमति यहीं से प्राप्त होती है। कार्यालय में ताला जड़ने से काम प्रभावित हो रहे हैं।

#### कम स्टाफ में चल रहा दफ्तर

बताया गया कि उपसंचालक समेत एक सबइंजीनियर श्री पैकरा ही सर्वेसर्वा हैं कर्मचारियों में एक बाबू और दो चपरासी हैं। इतने ही लोगों पर पूरा संभागीय कार्यों का बोझ है। कम स्टाफ से ही यह दफ्तर चल रहा है।

## टैक्सी स्टैंड में दिनदहाड़े चाकू की नोक पर लूट व मारपीट



- घटना में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार, तीसरा फरार

**जगदलपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित संजय बाजार टैक्सी स्टैण्ड में आरोपियों द्वारा वाहन के हेल्पर से लूट की घटना को अंजाम दिया गया। वहीं बीचबचाव व घटना का विरोध करने पर टैक्सी मालिक पर चाकू व डंडे से जानलेवा हमला किया गया। घटना की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर तीसरे फरार आरोपी की तलाश कर रही है।

मामले में एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन व एएसपी माहेश्वर नाग व सीएसपी उदति पुष्कर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। एएसपी ने बताया कि तीन व्यक्तियो ने मिलकर संजय मार्केट टैक्सी स्टैण्ड में घटना को अंजाम दिया था। इनमें दो आरोपी अनमोल वासनिक उर्फ हाड़ा 23 साल व अंकित पीटर उर्फ कालू 20 साल निवासी मदन मोहन मालवीय वार्ड को घटना के 24 घटें के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं घटना में शामिल तीसरा आरोपी गनपत सेट्ठी उर्फ मंलिगा फरार हो गया है जिसकी तलाश की जा रही है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थी कोमल यादव निवासी लामडागुडा पारा लोण्हडीगुडा ने बताया कि रविवार शाम प्रतिदिन की तरह चित्रकोट से जगदलपुर तक अपने कंडक्टर अप्पू बघेल के साथ सवारी भरकर लाए थे। संजय बाजार टेक्सी स्टैण्ड में गाडी को खड़ा कर कंडक्टर को बताकर वह बाजार की ओर गया था। इसी बीच अप्पू बघेल ने फोन कर बताया कि गनपत सेट्ठी उर्फ मंलिगा,अनमोल वासनिक और हाड़ा उर्फ अंकित पीटर ने चाकू दिखाकर मेरे 6 सौ रुपए लूट लिये हैं। जिसके बाद मौके पर पहुंचकर आरोपियों से ▶▶| शेष पेज 10 पर

## शहीद की पत्नी के खाते से फर्जी आहरण, आरोपी पति-पत्नी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

- पीड़िता के विश्वास एवं अशिक्षा का फायदा उठाकर शातिर तरीके से 50 लाख निकाला

पीड़िता के विश्वास एवं अशिक्षा का फायदा उठाकर आरोपी पति-पत्नि ने शातिर तरीके से 50 लाख पीड़िता के खाते से अवैध तरीके से आहरित कर लिया। शहीद की पत्नि के खाते से सम्पूर्ण राशि अवैध तरीके से अपने अलग-अलग खातों में ट्रान्सफर करने के आरोपी पति-पत्नि को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



प्रार्थिया अड़मे सोढ़ी पति स्व. सनकू सोढ़ी उम्र 38 वर्ष निवासी पेद्दापाल थाना मिरतुर जिला बीजापुर द्वारा लिखित आवेदन पेश कर बतायी कि इसका पति स्व. सनकू सोढ़ी थाना तर्रेम क्षेत्रान्तर्गत टेकुलगुड़ियम में हुए पुलिस माओवादी मुठभेड़ में शहीद हो गये थे। जिनकी शासन द्वारा प्रदत्त अनुदान राशि 50,41,118 रुपए पीड़िता के बैंक एकाउण्ट में जमा थे। पीड़िता अशिक्षित होने से बैंक संबंधी कार्य के लिये अपने रिश्तेदार मनोज गोटे पिता रमैया गोटे उम्र 31 वर्ष एवं उनकी पत्नि मनीषा गोटे पति मनोज गोटे उम्र 26 वर्ष निवासी रालापल्ली थाना भोपालपटनम जिला बीजापुर की मदद लिया करती थी। पीड़िता की अशिक्षित होने का फायदा उठाकर आरोपी पति-पत्नि द्वारा 12 जुलाई 2021 से 30 जून 2024 की बीच में पीड़िता के खाते में जमा सम्पूर्ण राशि खाते से निकाल कर खाता खाली कर दिया। प्रकरण में रिपोर्ट पर थाना बीजापुर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव, अति पुलिस अधीक्षक चन्द्रकांत गवर्ना के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा, उप पुलिस अधीक्षक तुलसी राम लेकाम के निर्देशन में थाना प्रभारी बीजापुर निरीक्षक दुर्गेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित किया गया। विवेचना के दौरान आवश्यक कानूनी कार्रवाई उपरान्त गठित टीम के द्वारा आरोपी पति-पत्नि का पता तलाश कर भोपालपटनम से दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों के द्वारा पुलिस को भ्रमित करने का पूरा प्रयास किया गया। पूछताछ में उलझकर आरोपियों के द्वारा अपराध करना स्वीकार किये है। आरोपी मनोज गोटे ने बताया कि पीड़िता के विश्वास और अशिक्षा का फायदा उठाकर ▶▶| शेष पेज 10 पर

## बाइक आपस में भिड़ी, एक ने दूसरे के वाहन को कर दिया आग के हवाले



- आगजनी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय में पेश

**जगदलपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित मंडी रोड में रविवार को दो बाइक की आमने सामने से टक्कर हो गई। हादसे के बाद एक बाइक के चालक ने दूसरे दोपहिया के चालक से मारपीट करते हुए वाहन को आग के हवाले कर दिया। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक आरोपी अपने वाहन को तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए टक्कर मारी फिर प्रार्थी से गालीगलौच व मारपीट करते हुए उसकी बाइक को आग के हवाले कर दिया। कुछ ही पल में पूरी बाइक जलकर खाक हो गई।

मामले में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपी विनय कुमार पर्वत 22 साल निवासी अवंतिका कालोनी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। एएसपी महेश्वर नाग ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि प्रार्थी रविन्द्र पत्थर निवासी संतोषी वार्ड ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपनी बाइक यामहा एस जेड क्रमांक सीजी 17 केबी 5231 से चांदनी चौक की ओर जा रहा था। तभी लक्ष्मण एवेन्यू होटल ▶▶| शेष पेज 10 पर

## जनता के आशीर्वाद से ही भाजपा की जीत फलीभूत हुई : किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- जगदलपुर विधानसभा स्तरीय मतदाता अभिनंदन समारोह

भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को जगदलपुर विधानसभा स्तरीय मतदाता अभिनंदन समारोह का आयोजन किया और लोकसभा चुनाव में भाजपा को विजयी बनाने व केन्द्र में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनाने के लिये क्षेत्र की जनता व मतदाताओं का अभिनंदन कर आभार माना। प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने आभार व्यक्त करते हुये कहा कि जनता ही जनार्दन है। क्षेत्र के मतदाताओं ने भाजपा पर विश्वास किया व जनता का आशीर्वाद भाजपा की जीत के रूप में फलीभूत हुआ है। केन्द्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार है, क्षेत्र के विकास व जनहित से जुड़े कार्योंर् में कोई कमी नहीं होगी।




उन्होंने कहा कि प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के कुशासन को उखाड़ फेंकने भाजपा के कार्यकर्ताओं ने अथक परिश्रम किया, लोकसभा चुनाव में भी भाजपा की जीत का परचम कर्मठ कार्यकर्ताओं ने लहराया है। भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ता ही पार्टी की पूंजी है। भाजपा के कार्यकर्ता जनता के बीच रह कर कार्य करें। आगामी नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव में कमल खिलाना है। संचालन रामाश्रय सिंह व आभार सुरेश गुप्ता ने माना। कार्यक्रम में बैदूराम कश्यप, विद्याशरण तिवारी, श्रीनिवास मिश्रा, श्रीधर ओझा, संतोष बघेल, गोदावरी साहू,आनन्द मोहन मिश्रा, महापौर सफीरा साहू, वेदप्रकाश पाण्डेय, धरमू मण्डावी, संजय पाण्डेय,रजनीश पाणिग्रही, नरसिंह राव, सुब्रतो विश्वास, सतीश सेठिया, आर्येन्द्र आर्य, ▶▶| शेष पेज 10 पर


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124


## न्यायाधीशों ने अपराध और कानून के विषय में दी विशेष जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- कलेक्टोरेट में पुलिस, महिला बाल विकास एवं विधिक सेवा के अफसरों की बैठक में विचार विमर्श

जेलों में बंद किशोरों की पहचान करने और विधिक सहायता प्रदान करने के लिए अखिल भारतीय अभियान के संदर्भ में रिपोर्ट तथा स्वीकृत की गयी प्रमुख अनुशंसाएं साझा की गई। इस संबंध में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के कार्यकारी अध्यक्ष के अनुसार किशोर न्याय अधिनियम एवं विधिक सहायता अधिनियम के अन्तर्गत जानकारी दी गई। छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देश के पालन में मनीष कुमार ठाकुर प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में रविवार को कलेक्टोरेट में न्यायाधीशगणों, पुलिस विभाग के विशेष किशोर पुलिस इकाई के नोडल अधिकारी एवं बाल कल्याण पुलिस अधिकारीगण, बाल संरक्षण अधिकारी एवं उनकी टीम, सभी आरक्षी केन्द्रों में




नियुक्त पैरालीगल वालिंटियर्स तथा अधिवक्तागणों की उपस्थिति में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मनीष कुमार ठाकुर ने बताया कि आज के कार्यक्रम के उद्देश्य की पूर्ति पुलिस, महिला एवं बाल विकास तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त समन्वय से ही संभव है। निःशुल्क विधिक सहायता योजना की जानकारी प्रदान करते हुए बच्चों से संबंधित प्रकरणों में पुलिस अधिकारियों को संवेदनशील होकर विवेचना करने हेतु निर्देशित किए गए। कार्यक्रम में संघरत्ना भतपहरी, तृतीय जिला ▶▶| शेष पेज 10 पर


एस.एम.सी. सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय-रोग सम्बंधित परामर्श लें
12 एवं 13 जुलाई 2024 को जगदलपुर में
छ.ग. के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. सतीश सूर्यवंशी
DM (Cardiology)
स्थानः- एम.पी.एम. हॉस्पिटल, जगदलपुर (छ.ग.)
दिनांकः- 12-जुलाई -2024 (शुक्रवार) समयः दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक
13 जुलाई 2024 (शनिवार) समयः सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक
एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी की सुविधा
समस्त हृदय रोगो के इलाज की सुविधा उपलब्ध
CSEB,CRPF से मान्यता प्राप्त
पूर्व रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें-
9993309922/8120991117/ 8109229030
Infront of BSNL office, Vidhan Sabha Road, Near Ashok Ratan, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)
9238175001 / 9238175002
www.smchospital.in

## खबर संक्षेप

### अतिथि प्रशिक्षकों की मेरिट सूची जारी

**कोण्डागांव।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज अंतर्गत विभिन्न पाठ्यक्रम में कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अंशकालीन पूर्णतः अस्थायी कुशल अतिथि प्रशिक्षकों की मेरिट सूची जारी की गई है। यह चयन सूची 28 जून को आयोजित वॉक इन इंटरव्यू में अभ्यर्थियों के दस्तावेज परीक्षण एवं साक्षात्कार के उपरांत तैयार की गई है। सूची कार्यालय की सूचना पटल एवं कोंडागांव जिला प्रशासन की अधिकृत वेबसाइट पर उपलब्ध है। मेरिट सूची के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति होने पर 11 जुलाई को दोपहर 3 बजे तक दावा आपत्ति कार्यालय में उपस्थित होकर कर सकते हैं।

### शिक्षिका ने विद्यार्थियों को करवाया न्योता भोज

**कोण्डागांव।** शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण योजना न्योता भोज का कोंडागांव कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं डीईओ आदित्य चांडक के आदेशानुसार संपूर्णपूर्णता अभियान चलाया जा रहा है। बीईओ मनोज दुबे के मार्गदर्शन में वरिष्ठ शिक्षिका आरती बेर ने सामाजिक समरसता का परिचय देते हुए अपना जन्म दिवस विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों के साथ केक काटकर मनाया। शिक्षिका ने अपने उच्च प्राथमिक शाला मडानार में दर्ज 105 बच्चों के लिए खीर पुड़ी की व्यवस्था कर न्योता भोज करवाया गया। जिला कलेक्टर द्वारा संपूर्ण पूर्णता अभियान के परिपेक्ष्य में विभागीय अधिकारियों को स्वेच्छा से अलग अलग विद्यालय में न्योता भोज की व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। मडानार के शिक्षकों द्वारा बच्चों को पौष्टिक भोजन दिलाने लगातार विशेष अवसरों पर पलकों एवं समुदाय को न्योताभोज खिलाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर प्रधानाध्यापक पी एल नाग शिक्षिका रंजीता तिग्गा ललिता समरथ शिक्षक शिवचरण साहू द्वारा आरती बेर का जन्मोत्सव उत्सवपूर्वक मनाया गया।

# गौवशों की सड़क दुर्घटनाओं में मौत का सिलसिला थम नहीं रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सड़क हादसों में गौवशों की लगातार हो रही मौत से क्षुब्ध सनातन क्षेत्रीय मंच ने तीन दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि गुरुवार तक गौवंशों को सड़क से हटाने व गौवंशों के मालिकों पर पशुक्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई नहीं होने पर शुक्रवार को सक्षम गौवशों को सड़क से उठाकर थाने या निगम तक पहुंचाएगी। सक्षम संयोजन अविनाश सिंह गौतम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बस्तर जिले में सड़क दुर्घटनाओं में गौवंशों की मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इन सड़क दुर्घटनाओं में गौवंशों की मौतों को रोकने को लेकर भी प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है और न ही इस पर कोई ठोस कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन केवल गौवंशों को सड़क से उठाकर गौठानों व कांजी हाउस में रखकर खानापूर्ति करने में जुटा हुआ है। अविनाश ने कहा कि जिले मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़क पर बड़ी संख्या में गौवंश बैठे नजर आते हैं जो अक्सर सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं। गौवंशों को खुला छोड़ने वाले उनके मालिकों पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्यवाही कर उन्हें कड़ा दंड दिया जाना चाहिए ताकि वे अपने गौवंशों को अपनी निगरानी में या अपने बाड़े में रख सकें। सक्षम ने कहा कि वास्तविकता यह है कि जब गौवंश दूध देना बंद कर देते हैं तब मालिक उन्हें खुला छोड़ देते हैं। ऐसे ही कई

**प्रशासन पर गौवंशों को सड़क से गोठानों व कांजी हाउस में रख खानापूर्ति करने का लगाया आरोप**



### भूख हड़ताल व ज्ञापन देने के बाद भी प्रशासन की चुप्पी कायम

अविनाश ने बताया कि पूर्व में सनातन क्षेत्रीय मंच (सक्षम) ने इस मांग को लेकर कई बार प्रशासन को ज्ञापन सौंपे और उचित व्यवस्था की मांग की। इसके अलावा सक्षम के पदाधिकारियों ने भूख हड़ताल तक की बावजूद इसके आज पर्यंत इस पर कोई भी पहल प्रशासन की तरफ से नहीं की गई और स्थिति जस की तस बनी हुई है। सड़क पर बैठे या आवारा घूमते गौवंशों को सड़क से हटाकर उन्हें गौठानों या कांजी हाउस में रखने की उचित व्यवस्था बनाई जाए। इसके साथ ही गौवंशों के मालिकों को जांच कर कड़ा दंड देकर उन्हें गौवंश वापस सौंपा जाए, ताकि कोई भी गौवंश मालिक अपने पशुओं को सड़क पर खुला न छोड़े। 11 जुलाई तक यदि इस पर कोई कार्रवाई प्रशासन की तरफ से नहीं होती है तो गौवंशों की जान की सुरक्षा के लिए सक्षम पदाधिकारी व सदस्य स्वयं ही सड़क पर बैठे गौवंशों को हटाकर निकटतम थाने तक या निगम में उन्हें सुरक्षित रखेंगे। इसके बाद गौवंशों की देखभाल की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

**बैठक : कलेक्टर का डेंगू एवं चिकनगुनिया की रोकथाम के लिए उपाय के निर्देश**

# ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पर कराएं एफआईआर लापरवाही बरतने वाले बीएमओ व प्रबंधकों को दें नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने नीति आयोग द्वारा संचालित संपूर्णता अभियान की निर्धारित अवधि में सभी लक्ष्यों को संपूर्ण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस अभियान के दौरान लगातार जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन करने के निर्देश भी दिए। जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि ग्रामों में संपूर्णता यात्रा के साथ ही संपूर्णता सभा आयोजित करें। लोगों को प्रसव पूर्व नियमित देखभाल, पूरक पोषण आहार, टीकाकरण, मृदा स्वास्थ्य परीक्षण आदि के लाभ से अवगत कराएं। उन्होंने शालाओं में इन विषयों पर आधारित चित्रकला, भाषण, वाद–विवाद आदि प्रतियोगिताओं के आयोजन के निर्देश भी दिए। फरसगांव विकासखण्ड में शासकीय योजनाओं का लाभ प्रदान करने का प्रलोभन देकर ठगी करने की ग्रामीणों की शिकायत पर संबंधित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के विरुद्ध एफआईआर करने के निर्देश कृषि विभाग के उप संचालक को दिए। उन्होंने इस दौरान लोगों के स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से मधुमेह तथा उच्च रक्तचाप की जांच करने के निर्देश दिए और इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले खण्ड चिकित्सक एवं विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधकों को नोटिस देने के निर्देश भी दिए।

- नीति आयोग के सभी लक्ष्यों को करें संपूर्ण प्राप्त : दुदावत



कलेक्टर ने बैठक में डेंगू एवं चिकनगुनिया के रोकथाम के लिए आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घरों के आसपास पूर्ण साफ–सफाई की व्यवस्था के लिये लोगों को जागरुक करना सुनिश्चित करें। कचरे को अपने आवास से दूर फेंके। घरों के कूलर, टेंक, ड्रम, बाल्टी आदि से पानी खाली करें। कूलर का उपयोग नहीं होने का दशा में उसका पानी पूरी तरह खाली करें। घरों के आसपास पानी एकत्रित होने वाली सभी अनुपयोगी वस्तुएं जैसे टीन के डब्बे, कॉच एव प्लास्टिक के बोतल, नारियल के खोल, पुराने टायर आदि नष्ट कर पाट दें तथा निस्तारी योग्य पानी में लार्वा पाए जाने पर टेमीफोस लार्वानाशक दवा का पानी की सतह पर छिड़काव करें। बैठक में अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अविनाश भोई सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्टॉप डायरिया के तहत बच्चों को जिंक का टेबलेट की ली जानकारी

कलेक्टर ने स्टॉप डायरिया कार्यक्रम के तहत बच्चों को जिंक का टेबलेट या सिरप सहित ओआरएस का पैकेट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी ओआरएस पैकेट व जिंक के टेबलेट व सिरप की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही जलस्त्रेंतों का क्लोरोनाइजेशन करने के निर्देश भी दिए।

### हितग्राहियों के बैंक खातों में करें राशि का अंतरण

कलेक्टर ने इस दौरान जनसमस्या निवारण शिविर, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, पीजीएन पोर्टल तथा समय–सीमा के प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा करते हुए इनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रकरण के निराकरण उपरांत आवेदक को अनिवार्य तौर पर सूचित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण हेतु भू–अर्जन के प्रकरणों में भुगतान हेतु हितग्राहियों के बैंक खातों में राशि अंतरण शीघ्रता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# स्वयंसेवी और स्कूली बच्चे जगाएंगे शिक्षा की अलख




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर दुदावत ने स्वयंसेवियों के पंजीयन के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार स्वयंसेवियों तथा असाक्षरों के ऑनलाईन पंजीयन का कार्य निर्धारित समय–सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने असाक्षरों को शिक्षा प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी, युवोदय के स्वयंसेवियों के साथ हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल तथा महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को भी पंजीकृत करने के निर्देश दिए। बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र के असाक्षरों को 200 घण्टे का अध्यापन कराकर बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान प्रदान कराकर नवसाक्षर बनाने, महत्वपूर्ण जीवन कौशन वित्तीय साक्षरता, कानूनी साक्षरता डिजिटल साक्षरता, पर्यावरण साक्षरता, मतदान साक्षरता, आपदा प्रबंधन, वाणिज्य कौशल, स्वास्थ्य जागरूकता. परिवार कल्याण की शिक्षा प्रदान करने, बुनियादी शिक्षा समतुल्यता कार्यक्रम अंतर्गत प्रारंभिक स्तर कक्षा 3 से 5. मध्य स्तर कक्षा 6 से 8 और माध्यमिक स्तर कक्षा 9 से 12 वी की समतुल्यता प्रदान करने, व्यावसायिक कौशल विकास नवसाक्षरों को रोजगार प्रदान करने निर्देश दिये।

- स्वयंसेवियों के पंजीयन के कार्य में तेजी लाने के निर्देश

**40000 शिक्षार्थियों एवं 4000 स्वयसेवी शिक्षकों का मिला लक्ष्य :** व्यावसायिक कौशल विकास प्रशिक्षण 5 सतत शिक्षा शिक्षार्थियों को कला, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, संस्कृति, खेल मनोरंजन एवं स्थानीय रूचि के अनुसार अन्य विषय में उन्नत सामग्री प्रदान करने के लिए उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिला कोण्डागांव को राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा 40000 शिक्षार्थियों एवं 4000 स्वयसेवी शिक्षकों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

# अघोषित कटौती व विद्युत दरों में वृद्धि के विरोध में कांग्रेस का हल्ला बोल

**केशकाल।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश नेताम और प्रभारी जेठू मण्डावी के नेतृत्व में आज छत्तीसगढ़ प्रदेश मे भाजपा सरकार आने क्रे बाद से लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती, लाइट गोल और बिजली बिल में हुई बेतहाशा वृद्धि से किसान एवं आमजन को हो रही परेशानियों क्रे खिलाफ कांग्रेसियों ने हल्ला बोला। ब्लॉक केशकाल में एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन में अमीन मेमन प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग, जेठू मण्डावी जिला अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस कोण्डागाँव, राजेश नेताम अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी केशकाल, रोशन जमीर खान अध्यक्ष नगर पंचायत केशकाल, राजेन्द्र ठाकुर पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत केशकाल, पिताम्बर नाग जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस कोण्डागाँव, नरेश नेताम जनपद सदस्य , पूर्व पार्षद जितेन्द्र रजक सरपंच गण में ओमप्रकाश मरकाम डोहलापारा,माहेश्वरी हिड़को बाटराली, सुरेखा मरकाम, बेड़ामा, संगीता नेताम सिंघनपुर, रवि गोयल,




नीतू डे, खिलेश्वर शोरी, भगवानी ध्रुव, राकेश कुंजाम, पप्पू जैन, इमरान, हासम मेमन, कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी समेत महिला कांग्रेस युवा कांग्रेस सेवा दल सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विद्युत दर में वृद्धि व अघोषित कटौती के विरोध में कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा विद्युत की अघोषित कटौती एवं विद्युत दरों में की गई वृद्धि के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी माकड़ी द्वारा बस स्टैंड में एक दिवसीय धरना - प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष बिरस साहू ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्व में कांग्रेस की सरकार में विद्युत की सप्लाई निरंतर की जाती थी। साय सरकार ने साय-साय लाइट बंद कर दिया है। विद्युत की रेट में भी बहुत ज्यादा इजाफा किया है। जिसके कारण आम जनता और किसानों को बहुत से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे भी क्षेत्र में औसत से कम बारिश होने के कारण बोर भी नहीं चल पा रहा, जिससे किसानों को डबल मार पड़ रही है।

भाजपा सरकार आने के बाद से लगातार हो रही बिजली कटौती, लाइट गोल और बिजली बिल में हुई वृद्धि से किसान एवं आमजन को हो रही परेशानियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कोंडागांव शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में 8 जुलाई दिन सोमवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन माकड़ी बस स्टैंड चौक में रखा गया।

**ये रहे उपस्थित** –प्रदेश सचिव बिरस साहू, जिला पंचायत सदस्य सभापति हेमलाल बघेल, ब्रह्मा मरकाम ,सरपंच ब्लाक अध्यक्ष हेमलाल वट्टी, रामकुमार कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष गौतम साहू, विधानसभा उपाध्यक्ष श्रीराम नेताम, आकाश महाजन, जनपद सदस्य भिगू कश्यप, सरपंच मनीराम मरकाम, अमित मरकाम,लखमू मरकाम और कांग्रेस के लोग उपस्थित रहे।

# एनएमडीसी के रिक्त पदों पर स्थानीय शिक्षित बेरोजगारों की हो भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया जिला कोण्डागांव के सह सचिव का शैलेष एवं अखिल भारतीय नवजवान सभा जिला कोण्डागांव के जिला सचिव का.जयप्रकाश, का.सोमारुराम, का.लक्ष्मीनाथ, का.मुकेष, कामेश्वर, रामचरण, सुकनाथ, रिंकु आदि द्वारा 8 जुलाई को एनएमडीसी के रिक्त पदों पर स्थानीय शिक्षित बेरोजगारों को भर्ती करने निदेशक उत्पादन एवं कार्मिक, एनएमडीसी लिमिटेड मुख्यालय हैदराबाद को सम्बोधित एक ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया।

एनएमडीसी के रिक्त पदों पर स्थानीय शिक्षित बेरोजगारों की भर्ती करने संबंधी दिए ज्ञापन में बताया गया है कि क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य बस्तर संभाग के अंतर्गत आता है। क्षेत्र में भी आदिवासीजन बहुलता से एवं अन्य स्थानीयजन भी निवासरत हैं। इस क्षेत्र में तकनिकी व गैर तकनीकी शिक्षित बेरोजगार युवक व युवतियां काफी संख्या में हैं। लेकिन अक्सर देखा गया है कि एनएमडीसी में जो भी भर्तियां होती है उनमें आदिवासी सहित अन्य स्थानीयजनों को मौका नहीं मिल पाता है। बल्कि अन्य राज्यों के युवक–युवतियों की भर्ती हो जाती है, जिससे स्थानीय शिक्षित बेरोजगारों का हक छिन जाता है। यहां की शिक्षा व्यवस्था इतनी मजबूत नहीं है कि स्थानीय युवक व युवतियां अन्य राज्यों के होने वाले प्रतियोगी परिक्षाओं में भाग लेकर सफलता प्राप्त कर सकें। वैसे भी यह क्षेत्र पांचवी अनुसूची में आता है, इसलिए तृतीय व चतुर्थ श्रेणी की भर्ती में स्थानीय बेरोजगारों का ही सर्वप्रथम हक बनता है। इस संबंध में पहले भी पत्रचार के माध्यम से जिला कलेक्टर एवं एनएमडीसी प्रबंधन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन आज तक स्थानीय बेरोजगारों के हक के बारे में कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जा सका है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एनएमडीसी के दोनों परियोजनाओं किरंदुल व बचेली में लगभग चार सौ पद रिक्त हैं और उन्हें भरे जाने के संबंध में कुछ ही समय में विज्ञापन जारी होने वाला है। इसलिए हमारी मांग है कि इन सभी रिक्त पदों की भर्तियों में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जाए। तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए एनएमडीसी में होने वाली भर्तियों में स्थानीय शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार देने में प्राथमिकता देने के लिए शीघ्र से शीघ्र ठोस निर्णय लिया जाए।

## पेज 9 के शेष

### टैक्सी स्टैंड में दिनदहाड़े...

रुपए क्यों लूट लिए कहने पर तीनों ने मिलकर अश्लील गाली गलौच कर डंडा व चाकू से मारपीट कर गले व हाथ में चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों से लूट के 4 सौ रूपए के अलावा मारपीट किए डंडे को बरामद किया। मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हे पैदल ले जाते हुए न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

**इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका :** कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी के अलावा निरीक्षक शिवानंद सिंह, एसआई लोकेश्वर नाग, एएसआई दिनेश उसेण्डी, प्रधान आरक्षक अमृत सिंह ध्रुव, आरक्षक रवि सरदार, नरसिंह राजपुत व सायबर टीम की अहम भूमिका रही।

### शहीद की पत्नी के ...

बैंक ले जाकर पैसा को अपने खाते में ट्रान्सफर करवा लिया। पीड़िता को बैंक में फिक्स डिपॉजिट करवाना बताये। आरोपी मनोज गोटे खुद च्वाईस सेंटर संचालित करता है। उसे बैंक संबंधी अच्छी जानकारी होने से पीड़िता के अंगूठा निशान का फर्जी नमूना तैयार कर दोनों आरोपी पति-पत्नि के द्वारा पीड़िता के खाते से पिछले तीन वर्षों में 50 लाख रुपए अवैध तरीके से आहरित कर लिया गया। आरोपी पति-पत्नि के अलग-अलग बैंकों के 10 खाता होना पता चला। पुलिस विवेचना के दौरान विधिसंगत कार्रवाई करते हुए मनोज गोटे के द्वारा तैयार किया गया पीड़िता का फर्जी अंगूठा नमूना, आरोपी का लैपटॉप, बायो मैट्रिक मशीन एवं नकद रकम बरामद की गई। प्रकरण में आरोपी पति-पत्नि के विरूद्ध थाना कोतवाली में वैधानिक कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय में पेश किया गया है।

### बाइक आपस में भिड़ी, एक...

के पास सामने से तेज रफ्तार से आ रही बाइक के चालक ने टक्कर मार दी। जिसके बाद टक्कर मारने वाला आरोपी प्रार्थी को गंदी गंदी गाली गलौच कर हाथ मुक्का से मारपीट कर चोट पहुंचाया और गाडी के पेट्रोल टंकी का चाबी खोलकर आग लगा दिया जिससे मोटर सायकल कीमत 70 हजार रुपए पूरी तरह जलकर खाक हो गया। मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक विनय कुमार का पता तलाश कर पकड़ने में सफल रही जिसके गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी के अलावा निरीक्षक शिवानंद सिंह, एएसआई पुरूषोत्तम नायडूर आरक्षक डोमेन्द्र ठाकुर व केशव चंद्रा की अहम भूमिका रही।

### जनता के आशीर्वाद...

आलोक अवस्थी, रंजीत पाण्डेय, संग्राम सिंह राणा, राजपाल कसेर, निर्मल पाणिग्रही, यशवर्धन राव, दीप्ति पाण्डेय समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**प्रदेशाध्यक्ष समय पर पहुंचे, जिलाध्यक्ष का इंतजार :** समारोह का समय दोपहर 12 बजे निर्धारित था प्रदेशाध्यक्ष किरण देव निर्धारित समय पर कार्यक्रम स्थल पहुंच चुके थे। लेकिन जिलाध्यक्ष रूपसिंग मंडावी एक घण्टे विलम्ब से पहुंचे। इसके चलते प्रदेशाध्यक्ष को जिलाध्यक्ष का एक घंटा प्रतीक्षा करना पड़ा। इस बीच वे कार्यक्रम में सम्मलित एक-एक मतदाताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते रहे। इस दौरान अनेक लोगों ने प्रदेशाध्यक्ष को अपनी समस्या को लेकर मांगपत्र सौंपा। जिलाध्यक्ष के पहुंचने के बाद कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। यह बात पूरे सभागार में चर्चा का विषय बना रहा।

**छग व बस्तर विकास के लिए संकल्पित :** सांसद महेश कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित बस्तर के विकास के लिये हम सभी संकल्पित है। बड़ी जीत जिम्मेदारी भी बढ़ाती है। केन्द्र व प्रदेश की जनहित से जुड़ी सभी योजनाएं प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जायेगा। बस्तर लोकसभा संयोजक श्रीनिवास राव मद्दी व जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी ने भी संबोधित किया व आभार माना।

### न्यायधीशों ने अपराध...

न्यायाधीश जगदलपुर द्वारा नवीनतम किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 पर जानकारी प्रदान करते हुए अधिनियम के पालन किये जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया गया। जगमोहन शंकर पटेल जिला न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) ने बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बालक द्वारा यदि कोई अपराध किया जाता है तो उसे विधि से संघर्षरत बालक कहा जाए ना कि अपचारी आरोपी मुजरिम। गिरीश पाल सिंह व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी ने विधि से संघर्षरत बालकों के विचारण की प्रक्रिया को विस्तृत रूप से समझाया। अंकिता कश्यप सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने संचालन करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम नालसा द्वारा प्रक्षेपित के अन्तर्गत जेलों में बंद किशोरों की पहचान करने और उन्हें विधिक सहायता प्रदान करने जागरूकता स्थापित करने आयोजित किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी विजय शर्मा ने बताया कि थाना स्तर पर नियुक्त विशेष बाल कल्याण अधिकारी को विधि का उल्लंघन करने वाले बालक को पकड़े जाने के 24 घंटे के अंदर किशोर न्याय बोर्ड में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। अधिवक्ता हेलेना गिरिधरन ने अनुभवों को साझा किया।

**बिजली दर बढ़ाकर जनता को सिर्फ लूटने में लगी सरकार**

# प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के कारण आम जनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर के नेतृत्व में सोमवार को बिजली विभाग की लचर व्यवस्था, बिजली कटौती व बिजली विभाग द्वारा नए मीटर लगाने के विरोध में सिटी ग्राउंड में धरना प्रदर्शन कर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। प्रभारी अल्ताफ खान की उपस्थिति में दरभा, नानगुर ब्लॉक प्रभारी कविता साहू व अनिता पोयाम की उपस्थिति में नगरनार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा बिजली दर में 8 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी राज्य सरकार को वापस लेना चाहिए। जनता महंगाई से पीड़ति है, इस दशा में बिजली के दर में बढ़ोतरी करना महंगाई से

- शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने बिजली कटौती व नए मीटर के विरोध में दिया धरना




जख्मी जनता के जख्मों पर नमक छिड़कना जैसा है। जनता को मांग के अनुसार बिजली नही मिल रही है, पिछले दो माह से बिजली के बिल दोगुने आ रहे हैं। आम आदमी बिजली के दाम बढ़ने से परेशान है। वहीं अब स्मार्ट मीटर लगा कर उपभोक्ताओं को लूटने कि तैयारी भाजपा सरकार कर रही है, कांग्रेस इसका विरोध करती है। कांग्रेस नीत सरकार में 5 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू किया था। जिसका लाभ प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था। जिसे 5 साल में प्रत्येक उपभोक्ता का 40 से 50 हजार रूपये तक की बचत हुई है। पिछले 6 माह में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो-चार घंटे के लिये बंद न हो, रात में तो बिजली की स्थिति तो और भयावह हो जाती है, घंटो बिजली गुल हो जाती है।

**भाजपा से न सरकार संभल पा रही, ना ही व्यवस्था :** सुशील मौर्य ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा से न सरकार संभल पा रहा और ना ही व्यवस्थाएं। सरकार एक तो पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही, ऊपर से उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही है। प्रदेश के अनेक जिलों में तो पूरी रात बिजली कटौती हो रही है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रहे हैं

**इन्होंने ने भी सरकार को घेरा :** कार्यक्रम को रामशंकर राव, जावेद खान, साकेत शुक्ला, रोजविन दास, गौतम पाणिग्राही, सेमियल नाथ, अंकित सिंह, विशाल खम्बारी, सोनू कश्यप, राजेश चौधरी सहित अन्य पदाधिकारियों ने छग भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों को लेकर जमकर घेरा। संचालन सतपाल शर्मा ने गया। इस दौरान हनुमान द्विवेदी, हरिशंकर तिवारी, अंगद त्रिपाठी, अमजद खान, बबली खान, सीमाब खान, शहर जाहिद हुसैन, महेश द्विवेदी, अभिषेक नायडू, नीलू बघेल, लेखन बघेल, मानसिंह ठाकुर, नेता प्रतिपक्ष उदयनाथ जेम्स, पार्षद राजेश राय, विक्रम डांगी, सूर्या पानी, सुखराम नाग, गौरनाथ नाग समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बिजली की कटौती से लोग परेशान



**किलेपाल।** छग राज्य में निरंतर हो रही बिजली की कटौती से लोग जहां परेशान है। वहीं दूसरी ओर बिजली के दाम में भाजपा सरकार ने बढ़ोत्तरी कर दी है। विरोध जताते हुए इस पर रोक लगाये जाने को लेकर बास्तानार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सोमवार को धरना प्रदर्शन किया।

### एबीईओ ने किया शालाओं का निरीक्षण



**लोहंडीगुड़ा।** सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी शालिनी तिवारी ने आज लोहंडीगुड़ा के शालाओं का निरीक्षण किया। छात्र-छात्राओं की नियमित उपस्थिति, शिक्षक डायरी का अद्यतन, गणवेश एवं पुस्तक का वितरण व ऑनलाइन एंट्री संकुल एवं शाला स्तर पर करना, मध्यान भोजन में पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना, छात्रवृत्ति का ऑनलाइन एंट्री, शैक्षणिक कैलेंडर अनुसार अध्यापन कार्य करना, शाला एवं शौचालय की नियमित साफ-सफाई करना, जाति प्रमाण पत्र पूर्ण करना, शाला प्रबंध समिति का गठन कर सक्रिय करना, प्रिंट रिच वातावरण एवं प्राप्त अभ्यास पुस्तिका का नियमित उपयोग का निरीक्षण कर बेहतर कार्य करने हेतु निर्देशित किया। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने प्राथमिक शाला गढ़िया के कक्षा पहली एवं दूसरी के छात्रों को अभ्यास पुस्तिका के आधार पर अध्यापन कार्य किया। प्राथमिक शाला मारीगुड़ा में कक्षा पांचवी के छात्रों को ईमला लिखाया। प्राथमिक शाला मारीगुड़ा में पठन कौशल एवं लेखन कौशल विकसित करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी के साथ संकुल समन्वयक मनन कश्यप एवं राहुल सिंह ठाकुर उपस्थित थे।

### सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ कार्यक्रम



**गीदम।** नगर पंचायत बारसूर में आज सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष के द्वारा झंडी दिखाकर कार्यक्रम की शुरूवात की गई एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई। निकाय में उपलब्ध जल स्त्रोतों को नागरिकों द्वारा वृहद सफाई अभियान, नाला नालियों की सफाई, डबरा-डबरी की सफाई, सार्वजनिक हैंडपंप के आस-पास के स्थानों एवं सार्वजनिक ओवरहेड टैंक की सफाई की गई। निकाय में उपलब्ध जीव्हीपी की सफाई एवं जीव्हीपी स्थल का रूपांतरण यदि कही पाया जाता है या बनने की संभावना है, इस संबंध में जागरूकता लाई गई। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अधिकारी एवं सभी स्टाफ उपस्थित थे।

# पर्यावरण संरक्षण व बस्तर की जीवनदायिनी के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने हुई इंद्रावती में महाआरती

## भोपालपटनम के इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोपालपटनम

बस्तर की परंपरा, बस्तर का वैभव और बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करने बीजापुर जिले के प्रकृति प्रेमियों विशाल जनसमुदाय रथयात्रा के पावन अवसर पर भोपालपटनम में इंद्रावती नदी के किनारे रविवार को जुटे।

बस्तर की जीवनदायिनी कही जाने वाली इंद्रावती नदी के प्रति अपने स्नेह के प्रदर्शन के लिए और मानसून में इसके यशस्वी प्रवाह के लिए इंद्रावती महाआरती का आयोजन किया गया। इन्द्रावती नदी के प्रति आमजनों के अपार उत्साह को देखते हुए इस आयोजन के साथ जिला प्रशासन का भी विशेष सहयोग रहा। आयोजन के संबंध में जब आयोजकगण कलेक्टर अनुराग पाण्डेय से मिले तो उन्होंने इसकी बहुत सराहना की और कहा कि प्रशासन भी आपके साथ मिलकर आयोजन में सहयोग करेगा और हम सब बीजापुर के नागरिकगण इस आयोजन में हिस्सा लेंगे। जिस तरह से वाराणसी में गंगा जी के किनारे गंगा आरती और जबलपुर में नर्मदा जी के किनारे मां नर्मदा की आरती होती है, इसी तरह की महाआरती भोपालपटनम में भी की गई।

आयोजकों ने बताया कि महाआरती का उद्देश्य यह है कि हम सब अपनी मां इंद्रावती के प्रति सम्मान प्रकट करें। नदी, पहाड़, वन जैसे पर्यावरण का सरंक्षण करें। हमारे बस्तर का वैभव हमारे छत्तीसगढ़ का वैभव दुनिया में इंद्रावती नदी की वजह से है। इंद्रावती नदी चित्रकूट में बड़ा जलप्रपात बनाती है, जिसे भारत का नियाग्रा भी कहा जाता है। इंद्रावती नदी के सुंदर समुद्र तट देश भर से लोगों को आकर्षित करते हैं। उल्लेखनीय है कि शिव मंदिर समिति एवं जनसामान्य द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से इस महती इंद्रावती महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने इंद्रावती नदी के महाआरती आयोजन का श्रेय कलेक्टर अनुराग पाण्डेय को देते जिले के विकास में महती योगदान देने, सकारात्मक सोच के साथ निरंतर कार्य करने पर उनका कार्य जिलेवासियों के लिए सदैव अविस्मरणीय रहेगा।

उन्होंने कहा कि बीजापुर की जनमानस का प्रकृति के प्रति गहरी आस्था है और सदैव प्रकृति के संरक्षण के लिए सोचता है, जिसका साक्षी आज के कार्यक्रम में विशाल जनसमुदाय की उपस्थिति साबित करती है। इस कार्यक्रम के आयोजन कर्ता जिले के चारों शिव मंदिर समिति शिव मंदिर तिमेड़, शिव मंदिर गुल्लापेंटा, शिव मंदिर गुल्लागुड़ा, शिव मंदिर भोपालपटनम, बीजापुर के द्वारा किया गया। बीजापुर के कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने कहा कि मानसून में अपने पूरे उफान में बहने वाली इंद्रावती नदी को देखना अपने आप में अपूर्व अनुभव है। महा आरती में शामिल विशाल जनसमुदाय इंद्रावती नदी के प्रति प्रेम और स्नेह को प्रकट करता है। भोपालपटनम और पूरे बीजापुर की नागरिक शांति प्रिय और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील है।

### इंद्रावती नदी में घाट निर्माण की घोषणा

कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने धार्मिक सांस्कृतिक एवं अन्य आयोजन सहित नागरिकों के उपयोग हेतु इन्द्रावती नदी पर 35 लाख की लागत से घाट निर्माण की घोषणा की। महाआरती कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी, श्रीनिवास मुदलियार, एडिशन एसपी नक्सल ऑपरेशन वैभव बैंकर, सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारीगण, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, एसडीएम भोपालपटनम यशवंत कुमार नाग, डिप्टी कलेक्टर एवं सीईओ जनपद पंचायत भोपालपटनम दिलीप उईके सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण, मीडिया के प्रतिनिधिगण सहित विशाल जनसमुदाय उपस्थित थे।



## बिजली कटौती को लेकर कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन



**कोण्टा।** प्रदेश पर में हो रही बिजली कटौती को लेकर कांग्रेस पार्टी ने ब्लॉक स्तर धरना-प्रदर्शन किया। जिसमें कोण्टा विधानसभा के सभी ब्लॉक मुख्यालयों में कांग्रेस धरना-प्रदर्शन करते हुए नजर आई। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ में भाजपा सरकार के आने बाद लगातार हो रही बिजली कटौती एवं अनाप-शनाप बिजली बिलों में वृद्धि कर वसूले जाने पर कांग्रेस ने हल्ला-बोल कर विरोध-प्रदर्शन किया। प्रभारी सुखराम यादव की उपस्थित में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेसियों बेतहाशा बिजली दरों में वृद्धि तथा प्रदेश भर में बार-बार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से प्रदेश की आमजनता एवं किसान परेशान है। कहते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शबाब खान को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा । इस दौरान जपं अध्यक्ष सुन्नम नागेश,ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर पांडेय,नपं अध्यक्ष श्रीमति मौसम जया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता शेख मुनीर,पी बलराजू, कट्टम सत्ती, विक्रम कुमार, देवेंद्र कुमार, सुरेश कुमार, शेख शबीर, जे रवि कुमार, दयावती मरकाम, पुष्पा, अंजू गुप्ता, विन्नु, नमीर अली एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रभारी जिपं उपाध्यक्ष बोड्डू राजा की उपस्थित में दोरनापाल नगर पंचायत में भी कांग्रेस ने सायं सरकार को घेरते हुए भाषणबाजी कर अपना विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष माड़वी देवा के नेतृत्व में जगरगुंडा के ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती अदम्मा मरकाम तथा प्रभारी राजेश नारा तथा नपं उपाध्यक्ष युतपती यादव, रवी मंडल सरपंच माडवी देवा पार्षद पुनेम हुर्रा सरपंच गंगा पार्षद सुभाष मरकाम पार्षद जरना दुर्गा पार्षद बाबू राम यादव सोडी जोगा माडवी सोनु अरविंद माडवी और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित में धरना-प्रदर्शन किया गया।

# बिजली कटौती को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोंड

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज ब्लॉक मुख्यालयों में बिजली कटौती एवं बिजली बिल में बढ़ोत्तरी के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। बस्तर ब्लॉक अध्यक्ष गणेश बघेल ने कहा कि पिछले 6 माह में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है।

बकावंड ब्लॉक अध्यक्ष शिवराम बिसाई ने कहा कि बारिश के मौसम में अक्सर विद्युत खम्बों पर पेड़ गिर जाते हैं, इसकी वजह से फाल्ट होता है और विभाग के कर्मचारियों को फॉल्ट खोजने में ही कई दिन लग जाते हैं। जिसके चलते बिजली उपभोक्ताओं को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। करपावंड ब्लॉक प्रभारी फतेहसिंह परिहार ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने का नतीजा यह है कि जिले के किसान जो रबि फसल लगाए थे, उन किसानों को बिजली कटौती और लो वोल्टेज के कारण किसानों के पंप नहीं चल पाए। जिससे किसानों का फसल पैदावार अच्छे से नहीं हो पाया और किसानों को भारी नुकसान का सामना भी करना पड़ा। बस्तर प्रभारी बालेश दुबे ने कहा कि लोग घर में लो वोल्टेज के कारण विद्युत से चलने वाली उपकरण नहीं चला पा रहे हैं। भाजपा सरकार बनने के बाद बिजली गुल होना आम बात हो गई है। विद्युत की लचर व्यवस्था एवं दर में बढ़ोत्तरी को लेकर जनता आक्रोशित हैं।

इस दौरान जगमोहन बघेल, उत्तम नाइक, सूरज कश्यप, गोपाल कश्यप, अंकित पारख, नरसिंह नागेश, सीताराम, हुशेन खान, बद्रीनाथ जोशी, तुलाराम सेठिया, जानकी राम भारती, वीरेंद्र सेठिया, छविश्याम तिवारी, मानसिंह कवासी, हेमराज बघेल, भृगु तिवारी, अनिल परिहार, बैद्यनाथ मौर्य, गुड्डू, रियाज खान, बुदरू बघेल, महेंद्र बघेल, डमरू धर, मोना पाड़ी, बृज श्रीवास्तव, सुरेश बघेल, कमलोचन, शशांक राय, जीवनाथ, झाड़ु, गंगाराम, तुलसीराम ठाकुर, रुपसाय, अर्जुन पांडे, जयमन देवांगन, सुखनाथ, अनुज गुप्ता, बिगनेश्वर, ज्ञानचंद, गणेश बघेल, ललिता, प्रमिला दुग्गा, महादेव बघेल, दयो देवांगन, सुखदेव कश्यप एवं समस्त कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# लाखों के गबन में शामिल 3 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्या. दन्तेवाड़ा से 21 लाख 58 हजार 330 रुपए राशि का गबन करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से एक कार व दो बाइक बरामद की गई। प्रार्थी नरेश मिंज पिता स्व. सोमा मिंज उम्र 44 वर्ष निवासी लाईवलीहुड कॉलेज के द्वारा कार्यालय जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्या. दन्तेवाड़ा संचालित विभिन्न योजनांतर्गत हितग्राहियों को ऋण प्रदाय कर लाभान्वित किये गये हितग्राहियों से प्रति माह ऋण वसूली कर कार्यालय के लेखापाल सुरेखा आयगर द्वारा बैंक पर्ची भरकर कार्यालय में पदस्थ भृत्य गौरी मण्डावी को समय-समय पर खाता में जमा करने के लिये भेजा जाता रहा। उक्त भृत्य द्वारा जमा पर्ची कार्यालय में प्रस्तुत करती थी। कार्यालय द्वारा भारतीय स्टेट बैंक दन्तेवाड़ा से खाता का स्टेटमेंट की मांग की गई। स्टेटमेंट के मिलान करने पर पाया गया कि 21 लाख 58 हजार 330 रुपए शासकीय खाते में जमा नही हुआ। कार्यालय जांच करने पर बैंक कर्मचारी ने जमा पर्ची में लगा सील व हस्ताक्षर बैंक शाखा कर्मचारियों का नही होना बताया। बैंक के द्वारा सीसीटीव्ही फुटेज चेक करने पर भी गौरी (भृत्य) सीसीटीव्ही कैमरे में नही पायी गयी। कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 20/22धारा-420,467,468,471 भादवि पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान गौरी मण्डावी से पूछताछ में पाया कि पैसा व जमा पर्ची को बैंक में जमा करने के लिये अपने पति तुलसी राम को भेजती थी, साथ में उसका दोस्त भूखनलाल आर्य भी जाता था। दोनों से पूछताछ करने पर दोनों आरोपी ने बैंक पर्ची फर्जी सील व फर्जी हस्ताक्षर कर 21 लाख 58 हजार 330 रुपए शासकीय राशि का गबन कर राशि से गौरी बघेल ने अपने नाम से मोटर सायकल क्रमांक सीजी 18 एम 2591, तुलसी राम बघेल ने अपने नाम से इंडिका कार क्रमांक सीजी 18 सी-0490 एवं मोटर सायकल क्रमांक सीजी-18 ई-3298, भूखन लाल आर्या ने अपने नाम से मोटर सायकल क्रमांक सीजी-18 जे-7638 खरीदे है। जिन्होंने अपना-अपना जुर्म स्वीकार करने पर गौरी बघेल को 17 जून को एवं 8 जुलाई को तुलसी राम बघेल व भुखन लाल आर्य को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

# राज्य में विद्युत सरप्लस के बावजूद दर में वृद्धि को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

आज प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार दंतेवाड़ा जिले के सभी 9 ब्लॉक मुख्यालयों में धरना किया गया है। दंतेवाड़ा में अवधेश गौतम, इंद्रा शर्मा के नेतृत्व में, कुआकोंडा में भास्कर राठौर, कटेकल्याण में सुखराम नाग, बचेली सलीम रजा उस्मानी एवं संतोष दुबे, किरंदुल में मृणाल रॉय, गीदम में देवती कर्मा एवं सुलोचना कर्मा, बारसूर में रूपधर नाग, पलनार ब्लॉक में पंजामी राम एवं भीमा मंडावी के नेतृत्व में धरना दिया गया।

जिला अध्यक्ष अवधेश गौतम ने बताया कि बीजेपी सरकार की गलत नीतियों के चलते राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि की गई है तथा प्रदेश में बार बार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से प्रदेश की आम जनता परेशान है। बीजेपी सरकार स्मार्ट मीटर लगाकर उपभोक्ता को ठगने का काम कर रही है, कांग्रेस इसका विरोध करती है। बिजली दर में 8 प्रतिशत की वृद्धि वापस सरकार को लेना चाहिए। प्रदेश की जनता ऐसे ही महंगाई से पीड़ित है। कांग्रेस सरकार में हाफ बिजली योजना से प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को लाभ मिला। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से वीरेंद्र गुप्ता, इंद्रा शर्मा, गंगू राम कश्यप, जितेंद्र कश्यप, कमलू अतर, रिंकी बेंजाम, जया, राजा, संजय विश्कर्मा, शिव कुमारी ध्रुव, इंदिरा ठाकुर, राधा साहू, किशन देई, रंजीता दांडेकर, मासो राम, जोगा, बामन मरकाम, अनिल गावडे, दुबे, रवि कर्मा, गणेश दुर्गा, आकाश, विमल सलाम, राजेश चौरे, तरुण मंडावी, गयेन्द्र, भोलू यादव, वसीम, राजकुमार, दीपक बिहारी, कुणाल टोप्पो, अजय मरकाम, सोहन भवानी, जागरा बेंजाम, राजू, भानु कर्मा, अनिल जैसवाल आदि प्रमुख पदाधिकारी धरना में उपस्थित थे।

# विद्युत सरप्लस वाला राज्य, विद्युत कटौती का केंद्र बन गया : मंडावी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर और जिले के सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों में बिजली कटौती और बिजली के बढ़े हुए दामों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन सोमवार को किया गया।

धरना प्रदर्शन हेतु बीजापुर ब्लॉक के लिए प्रभारी मिच्चा मुतैया, भोपालपटनम में शंकर कुडियम, उसूर में बसंत राव ताटी, भैरमगढ़ में नीना रावतिया उद्दे, कुटरू में सुखदेव नाग एवं गंगालूर में सोनू पोटाम को ब्लॉक प्रभारी बनाया गया था। जिनके नेतृत्व में ब्लॉक मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन कर भाजपा सरकार में लगातार हो रही बिजली कटौती और बिजली के दामों में वृद्धि के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर बिजली की कटौती को बंद करने और बिजली के बढ़े हुए दामों को वापस लेने की मांग भाजपा सरकार से की और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है। तब से लगातार भाजपा सरकार बिजली की कटौती कर रही है। लगातार बिजली कटौती होने से आम जनता के साथ-साथ किसान भी परेशान है। एक तो सरकार बिजली की कटौती कर रही है, वहीं दूसरी ओर बिजली के दामों को बढ़ा रही है। भाजपा सरकार ने एक बार फिर बिजली के दामों को 8 प्रतिशत बढ़ा कर जनता पर आर्थिक बोझ डाल दिया है।

जहां एक ओर कांग्रेस की सरकार ने बिजली के दामों को घटाकर आधा किया था, वहीं भाजपा सरकार ने पिछले छः महीनों में बिजली कटौती करते हुए बिजली के दामों को दुगुना कर दिया है। विधायक ने कहा कि बिजली के दामों में बढ़ोत्तरी होने से महंगाई बढ़ेगी, इसलिए भाजपा सरकार को चाहिए कि महंगाई कम करने के लिए बिजली के बढ़े हुए दामों को तत्काल वापस ले और जनता को महंगाई से राहत दे। विधायक ने आगे कहा कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, कांग्रेस सरकार ने 5 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू किया था।

जिसका लाभ प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था। जिसे 5 साल में प्रत्येक उपभोक्ता का 40 से 50 हजार रुपए तक की बचत हुई है, लेकिन पिछले 6 माह में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो-चार घंटे के लिये बंद न हो, रात में तो बिजली की स्थिति तो और भयावह हो जाती है, घंटों बिजली गोल हो जाती है।

**शपथ पत्र**

मैं होमन सिंह भेंडिया उम्र 61 वर्ष पिता श्री नन्द लाल सिंह भेंडिया, निवासी 139, सनसिटी, लालबाग, श्याम प्रसाद मुखर्जी वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. शपथ पूर्वक निम्न कथन व्यक्त करता हूं-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि ड्रायविंग लाईसेंस में मेरा नाम H.S. Bhendia S/o.N.L. Bhendia R/o.H.no. 139 Suncity Shyama Prasad Mukharjee ward Jagdalpur Dist. Bastar (C.G.) अंकित है। जिसका ड्रायविंग लाईसेंस नंबर CG17 19900000195 है। उक्त ड्रायविंग लाईसेंस में कुछ त्रुटियां है।
3. यह कि आधार कार्ड में मेरा नाम- Homan Singh Bhendia S/o. Nand Lal Singh Bhendia, R/o. 139 Suncity Lalbag, Shayama Prasad Mukhrgee Ward, Jagdalpur Dist. Bastar (C.G.) अंकित है जिसका आधार नंबर 8545 1389 1879 है।
4. यह कि मैं अपने ड्रायविंग लाईसेंस में अंकित नाम H.S. Bhendia S/o.N.L. Bhendia R/o.H.no. 139 Suncity Shyama Prasad Mukharjee ward Jagdalpur Dist. Bastar (C.G.) के स्थान पर Homan Singh Bhendia S/o. Nand Lal Singh Bhendia, R/o. 139 Suncity Lalbag, Shayama Prasad Mukhrgee Ward, Jagdalpur Dist. Bastar (C.G.) दर्ज करवाना चाहता हूं। जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

**शपथकर्ता**

## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

क्रमांक / 12-11 / सामा. / प्रेस /1337 जगदलपुर, दिनांक 08/07/2024

**बिजली बंद की सूचना**

समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि (संचा./संधा) संभाग छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि. जगदलपुर के लोहंडीगुड़ा एवं जगदलपुर ग्रामीण उपसंभाग अंतर्गत निम्नांकित फीडरों / विद्युत लाईन का मानसून पूर्व रखरखाव / संधारण कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः निम्न दर्शायी गई तिथि के सम्मुख दर्शाये गये क्षेत्र में प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में कमी या वृद्धि की जा सकती है।

| क्र. | दिनांक | दिन | उपकेन्द्र/फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 10.07.2024 | बुधवार | 11 के.व्ही. नानगुर फीडर | नानगुर, कुलगांव, चितापदर, पुशपाल, कैकागढ़, हाटपदमुर, सिडगुड़ा, अलनार, मांझीगुड़ा, साङगुड़ तिरियाकावापाल, ताईपदर, जोजल, बेंगलुरग्राम के समस्त पारा मोहल्ला |
| 2 | 11.07.2024 | गुरूवार | 11 के.व्ही. रूरल फीडर | आसना, मेटावाड़ा, छेपरागुडाग्राम के समस्त पारा मोहल्ला |
| | | | 11 के.व्ही.धनपुंजी फीडर | चिलकुटी, खुटपदर, मारकेल, आमागुड़ा, मंगनपुर, चोकावाड़ा, धनपुजीग्राम के समस्त पारा मोहल्ला |
| 3 | 12.07.2024 | शुक्रवार | 11 के.व्ही.पोटानार फीडर टाकरागुड़ा सबस्टेशन | चोण्डीमेटावाड़ा, पोटानार, देउरगांव, करंजी, टाहकापाल, टांडपाल, कोहकापाल गुमियापाल, रानसरगीपाल, साकरगांव, बुर्जी के अन्तर्गत आने वाले समस्त पारा मोहल्ला |
| | | | 11 के.व्ही. सेमरा एवं डोगरीगुड़ा फीडर | तेलीसेमरा, अटपहरीसेमरा, बुरूंदवाड़ासेमरा, बाबुसेमरा, चिलकुटीग्राम के समस्त पारा मोहल्ला |
| 4 | 13.07.2024 | शनिवार | 33 के.व्ही.घोटिया | 33/11 के.व्ही. सब स्टेशन घोटिया से निकलने वाली समस्त 11 के.व्ही. फीडर एवं 33 केवी सीवनी फीडर प्रभावित रहेगी। |
| | | | 11 के.व्ही. नगरनार फीडर | खम्हारगांवमोरठपल्ली, नेगीगुड़ा, माडपाल, करनपुर, उपनपाल, नगरनार, भेजापदर, कस्तुरी, बिलापुटग्राम के समस्तपारा मोहल्ला |
| 5 | 15.07.2024 | सोमवार | 11 के.व्ही. कलचा फीडर | झरनीगुड़ा, रामपाल, कलचा, तुरेनार, भाटागुड़ा, गारावंड खुर्द, हाटगुड़ा, घुरगुडाग्राम के समस्त पारा मोहल्ला |
| 6 | 17.07.2024 | बुधवार | 11 के.व्ही. तारागांव एवं 11 के.व्ही. चित्रकोट फीडर टाकरागुड़ा सब स्टेशन | टाकरागुडा, बेलर, कोठियागुडा, बाघनपाल, बडेपरोदा, छोटे परोदा, धुरागांव, चन्दनपुर, कोडेबेडा, छिन्दगांव, कुम्हली, तराईभाटा के अन्तर्गत आने वाले समस्त पारा मोहल्ला । |
| 7 | 18.07.2024 | गुरूवार | 11 के.व्ही. भालुगुड़ाफीडर | माड़पाल, भालुगुड़ा, सीआरपीएफकँप, चितालुर, डोगरीगुडा, बालपुटी के ग्राम के समस्त पारा मोहल्ला |
| | | | 11 के.व्ही. तारागांव फीडर तारागंव सब स्टेशन | मटनार, करकागुडा, हाथीदराहा, तारागांव मारडुम, मारेंगा, मारीकोडेर, लिमउपदर, भेजा, सतसपुर, बिन्ता, करेकोट, नाकटोकाके अन्तर्गत आने वाले समस्त पारा मोहल्ला । |
| 8 | 19.07.2024 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. अलनार फीडर एवं 11 के.व्ही. एरमुर फीडर, तारागांव सबस्टेशन | छिन्दबहार तातागांव पदमपारा, मिचनार साडरा, तारागांव सोलापारा, अलनार, लखईबेडा, गढदा, अदवाल, तोयर, आंजर, बडेगुमियापाल, सिलकझोडी मांदर,नेगानार,एरमुर, ईरिकपाल, पारापुर घसियापारा के अन्तर्गत आने वाले समस्त पारा मोहल्ला । |
| | | | 33 के.व्ही. NMDC फीडर | SSD Enterprises मारकेल, अस्मितपल्सेस, शिवसेवकमारकेल, बाबाराईस मिल बाबा चावल उद्योग 33 के.व्ही. चोकावाड़ा सब-स्टेशन |
| 9 | 20.07.2024 | शनिवार | 33 के.व्ही. रेल्वे फीडर | 33 के.व्ही. कुरंदी, सेमरा, कलचा, साडगुड़ एवं नेतानार से सबंधित सभी उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ता |
| | | | 11 के.व्ही. मटनार फीडर घोटिया सबस्टेशन | पुषपाल, महीमा,ककनार, मालेवही, पालम, धमबिडां, हर्राकोडेर, कोडेनार अमलीधार । |
| 10 | 22.07.2024 | सोमवार | 11 के.व्ही. घोटिया एवं 11 के.व्ही. बोदरा फीडर, घोटिया सबस्टेशन | पश्चिम टेमरा पुर्वी टेमरा, तिरथा, रतेंगा, कोरमेल, खड़पडी, परोदा, परीपात भैसगांव, बोदरा, दुबागुडा, रोतमा, अटारगुडा, चितलवार, सौरापाल नारायणपाल, घोटिया, कुरुषपाल, सुधापाल, आलवही के अन्तर्गत आने वाले समस्त पारा मोहल्ला । |
| 11 | 27.07.2024 | शनिवार | 33 के.व्ही. साड़गुड़ फीडर | 33/11 के.व्ही. साड़गुडसब-स्टेशन, 33/11 के.व्ही. नेतानार सब-स्टेशन |

"बिजली की बचत ही बिजली का उत्पादन है"

एस. के. खेस्स
कार्यपालन अभियंता ( संचा. / संधा.) संभाग
छ.रा.वि.वि.कं. मर्या. जगदलपुर

## खबर संक्षेप

### राजस्व पखवाड़ा आयोजन के लिए शेड्यूल जारी

**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. द्वारा राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जिले के तहसीलों में राजस्व पखवाड़ा आयोजन के लिए शेड्यूल जारी किया है। शेड्यूल के अनुसार 8 जुलाई को नानगुर तहसील के पुसपाल में, 9 जुलाई बास्तानार तहसील के मुतनपाल में, 16 जुलाई को कोड़ेनार में, 10 जुलाई को भानपुरी तहसील के मुण्डागांव में, 11 जुलाई को तोकापाल तहसील के एर्राकोट में, 12 जुलाई को लोहण्डीगुडा तहसील के मारडूम में और 19 जुलाई को अलनार में, 13 जुलाई को दरभा तहसील के केशापुर और 20 जुलाई को कोलेंग, 15 जुलाई को बस्तर तहसील के ईच्छापुर में, 16 जुलाई को बकावण्ड तहसील के कोसमी में और 17 जुलाई को करपावण्ड तहसील के जैबेल में राजस्व पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को वृहद राजस्व पखवाड़ा के प्रचार-प्रसार हेतु चयनित स्थल के आस-पास के गांवों में कोटवारों के माध्यम से मुनादि करवाने के निर्देश दिए हैं। ताकि उस क्षेत्र के अधिक से अधिक ग्रामीण चयनित स्थल पर उपस्थित होकर राजस्व संबंधित कार्यों का निराकरण करवा सकें।

### सड़क निर्माण में आ रही दिक्कतों का निराकरण

**बीजापुर।** बहुप्रतीक्षित बीजापुर बाय-पास सड़क निर्माण में आ रही बाधा अब दूर हो गई है। वर्षों से लंबित पड़े बाय-पास सड़क निर्माण कार्य की वस्तुस्थिति से अवगत हो कर कलेक्टर अनुराग पाण्डेय द्वारा विशेष पहल करते हुए सड़क निर्माण में आ रही कठिनाईयों का निराकरण किया गया। सड़क निर्माण में प्रभावित भूमि के बदले पहले वृक्षारोपण हेतु भूमि बीजापुर में उपलब्ध नही होने के कारण निर्माण कार्य अवरूद्ध हो गया था, जिसे कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने आवश्यक पहल करते हुए जांजगीर चांपा के कोसमंदा गांव में 20 हेक्टेयर जमीन उपलब्ध कराने में सफल हुए। जिसके परिणाम स्वरूप अब बाय-पास सड़क निर्माण की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ हो सकेगी। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के इस पहल से जिले के विकास एवं आवागमन की सुविधा बढ़ेगी। भारी वाहनों का शहर के बीच सड़क में दबाव कम होगा जिससे ट्रेफिक व्यवस्था सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालित हो सकेगी।

### खेलकूद : 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल स्पर्धा का समापन

# उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बस्तर जोन बना ओवरऑल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- खेल भावना और अनुशासन के साथ उत्कृष्ट प्रतिभा प्रदर्शन करना खिलाड़ी की सबसे बड़ी उपलब्धि : किरण देव
- स्पर्धा में शामिल सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की



खेलकूद जीवन का अभिन्न हिस्सा है। खेलकूद के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है और शारीरिक, बौद्धिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा मिलता है। हार-जीत प्रत्येक स्पर्धा के दो पहलू है, लेकिन स्पर्धा में खेल भावना और अनुशासन के साथ अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा प्रदर्शन करना खिलाड़ी की सबसे बड़ी उपलब्धि है। यह बात विधायक जगदलपुर किरणदेव ने रविवार को स्थानीय श्यामाप्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल में 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल स्पर्धा के समापन अवसर पर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और गणमान्य नागरिकों को मुख्य आतिथ्य की आसंदी से सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने स्पर्धा में ओवरऑल चैंपियनशिप हासिल करने वाली बस्तर जोन की टीम को बधाई देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल स्पर्धा में श्रेष्ठतम प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। वहीं राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल स्पर्धा में शामिल सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना कर आगामी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। जगदलपुर में 4 से 7 जुलाई तक आयोजित इस 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बस्तर जोन ने ओवरऑल चैंपियनशिप हासिल किया।

आरंभ में जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि इस सुब्रतो कप फुटबॉल स्पर्धा में प्रदेश के 5 जोन दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर के 250 से अधिक खिलाड़ी छात्र-छात्राएं और खेल अधिकारी एवं प्रशिक्षक सम्मिलित हुए। जिसमें बालक वर्ग में 15 एवं 17 वर्ष तथा बालिका वर्ग में 17 वर्ष आयु के खिलाड़ी शामिल हैं। इस 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल स्पर्धा में 17 वर्ष आयु समूह के बालक एवं बालिका दोनों वर्ग में बस्तर जोन ने प्रथम तथा दुर्ग जोन ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं 15 वर्ष आयु समूह के बालक वर्ग में बस्तर जोन ने प्रथम तथा सरगुजा जोन ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इस दौरान विजेता एवं उप विजेता टीमों के खिलाड़ियों सहित उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरूस्कृत कर उनका उत्साहवर्द्धन किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल, खेल एवं युवक कल्याण के उप संचालक, राजीव गांधी शिक्षा मिशन के अखिलेश मिश्रा, बड़ी संख्या में खेल प्रेमी गणमान्य नागरिक समेत अन्य जन मौजूद रहे।

#### प्रतिभा की कमी नहीं

विधायक किरणदेव ने कहा कि बस्तर अंचल सहित पूरे प्रदेश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बल्कि उन्हें निखारने सहित बेहतर अवसर प्रदान करने की जरूरत है। राज्य सरकार शिक्षा प्रदान करने सहित खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव पहल कर रही है। इस दिशा में खेल सुविधाओं के विस्तार सहित खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## कलेक्टर ने किया संयुक्त कार्यालय का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- अधिकारियों की कार्यालय में उपस्थिति का लिया संज्ञान
- परिसर में कार्यालयों की बैठक और साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के दिए निर्देश



कलेक्टर विजय दयाराम के. ने सोमवार को जिला संयुक्त कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जगदलपुर, कौशल विकास प्राधिकरण, आधार सेंटर, उप पंजीयक कार्यालय, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाई, हथकरघा, विद्युत सुरक्षा, उप पंजीयक सहकारिता, श्रम न्यायालय, योजना एवं सांख्यिकी, पीएचई, अंत्यावसायी, खनिज विभाग, श्रमपदाधिकारी, उप पंजीयक वाणिज्यिक कर (पंजीयक एवं मुद्रांक) निर्वाचन शाखा, जिला विपणन अधिकारी और स्थानीय निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने संयुक्त कार्यालय के कार्यालयों में अधिकारियों की उपस्थिति का संज्ञान लिया। उन्होंने विभिन्न कार्यालयों में शिक्षा विभाग के संलग्न अधिकारियों को मूल विभाग में वापसी का संज्ञान लिया। योजना एवं सांख्यिकी विभाग के अभिलेखों को समिति के माध्यम से मूल्यांकन करवाकर निष्पादन करवाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी कार्यालय में बैठक व्यवस्था को दुरूस्त करके आस पास साफ-सफाई करवाने कहा, साथ ही परिसर के पार्किंग स्थल में फैले मलबा और झाड़ियों को हटाने के निर्देश दिए। संयुक्त कार्यालय में तीनों फ्लोर स्थित कार्यालयों के संकेतक लगाने की व्यवस्था करने कहा।

## अव्यवस्था पर भड़के कलेक्टर ने दिए अधीक्षक को मूल शाला में भेजने व एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

- कलेक्टर ने दुगईगुड़ा बालक आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण



कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने शनिवार को उसूर ब्लॉक के दुगईगुड़ा के बालक आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय की अव्यवस्थाओं से नाराजगी व्यक्त करते हुए वहां पदस्थ अधीक्षक को मूल शाला में वापस भेजने एवं उक्त अधीक्षक के एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

ज्ञात हो कि कलेक्टर अनुराग पाण्डेय प्राथमिकता के साथ जिले के सभी स्कूल, आश्रम, छात्रावासों एवं पोटाकेबिनों में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, परिसर की स्वच्छता सहित सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए। स्वयं कलेक्टर एवं जिले के नामजद अधिकारियों द्वारा लगातार शैक्षणिक संस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर उत्तम सिंह पंचारी, एसडीएम उसूर भूपेन्द्र गावड़े, तहसीलदार सूर्यकांत घरत सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।




## सिटी ग्राउंड में 100 पौधे लगाकर रक्षा का लिया संकल्प

**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री के आव्हान पर 6 जुलाई को एक पेड़ मां के नाम थीम पर विद्या ज्योति स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सिटी ग्राउंड में पौधरोपण किया। ग्राउंड के चारों ओर 100 पेड़ लगाकर उसके पालन पोषण का संकल्प लिया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग और पीडब्ल्यूडी सभापति का सहयोग प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि यशवर्धन राव और देवेंद्र सिंह वर्मा पर्यवेक्षक अधिकारी, एनएसएस छात्र-छात्राएं, फादर बॉबी और शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## नियमित योग और संतुलित भोजन से रोग नहीं फटकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- योग से विमला ने 4 किलो वजन किया कम



पतंजलि योग समिति नगर इकाई के तत्वावधान में नौ दिवसीय योग विज्ञान शिविर का आयोजन 5 वीं बटालियन कंगोली में योगाचार्य उमेश सोनी पतंजलि योग समिति नगर अध्यक्ष के निर्देशन में संचालित हुआ। जिसमे सैकड़ो लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। योग शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीपी, शुगर वजन का प्रतिदिन जांच किया गया। अनेक लोगों ने अपना वजन घटाया विमला सिन्हा ने 4 किलो, सुधा सिंग, प्रतिभा सोनी, द्रौपदी जैन 3-3 क़िलो वजन कम किया और अनेक शिविरार्थियों ने अपने मोटापा, गैस एसिडिटि, बीपी, शुगर तनाव आदि में नियंत्रण पाया। योग समिति छत्तीसगढ़ के राज्य प्रभारी डा मनोज पानीग्राही, अध्यक्षता आनंद कुमार तिर्की कमांड अधिकारी 5 वीं बटालियन रहे। डा पानीग्राही ने कहा कि योग समिति द्वारा 11 जुलाई से सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करने जा रही है, जो योग ऋषि स्वामी रामदेव महाराज के आशीर्वाद से देश भर के सभी जिले में एक साथ 25 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का संचालित होगा। 5 वीं बटालियन परपा कैंप के सेनानी परिवार ने आने वाले 25 दिवसीय योग शिक्षक शिविर में भाग लेने की बात कही। योग प्रशिक्षक उमेश कुमार सोनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान हरी प्रसाद, मुन्नी सिंह, गायत्री बडड़कस, लिलिमा साह, 5 वीं बटालियन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। अंत में एक पौधा मां के नाम पर रोपण किया गया।

## पीपल्स केयर समिति ने भिरलिंगा में किया पौधारोपण ...



**जगदलपुर।** भिरलिंगा ब्लाक बस्तर के 101 परिवारों ने पीपल के 101 पौधे लगाने की शुरुआत कर रक्षा का संकल्प लिया। सांसद महेश कश्यप एवं पीपल्स केयर छत्तीसगढ़ के प्रांत अध्यक्ष सुरेश यादव, संरक्षक योगेंद्र कौशिक व बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने पौधरोपण किया। सुरेश यादव ने बताया कि पूरे छत्तीसगढ़ में 5000 से ज्यादा पीपल के पौधे ग्राम समितियों के माध्यम से ग्राम के सभी तालाब व देवगुड़ी में लगाया जाना है। पीपल्स केयर समिति का उद्देश्य हैं, प्रदेश में हर परिवार का अपना एक पीपल का पेड़ हो। बेहतर कल के लिए आज ही एक पीपल का पेड़ लगाएं।

## संवैधानिक शिविर में ग्रामीणों को दिया कानूनी ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- पौधरोपण कर पर्यावरण साफ रखने का लिया संकल्प



समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष जी.आर. बंजारे ज्वाला के मार्गदर्शन में ग्राम नवागुड़ा में संवैधानिक शिविर का आयोजन किया गया। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर पुष्प माला चढ़ाकर संवैधानिक शिविर को राष्ट्रगान और राज्य गीत गाकर शुरू किया गया। अकादमी के उपाध्यक्ष डॉ. जगनाथ बघेल ने संविधान की उद्देशिका और भारतीय संविधान के बारे में जानकारी दी। शिक्षक सुखदेव राम नाग ने समाज सेवा के बारे में जानकारी दी। सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी गोपाल पोयाम ने हल्बी लोक गीत गाकर लोगों को आनंदित किया। शिक्षक महताप सिंह बघेल ने वृक्षारोपण के बारे में जानकारी दी। चिड़पाल सरपंच पीलू राम कश्यप ने ग्रामों में संवैधानिक शिविर लगाने के उद्देश्य के बारे में बताया। संवैधानिक शिविर में भूपेंद्र बघेल सब इंस्पेक्टर को कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण गुण्डाधुर स्वाभिमान अवार्ड से सम्मानित किया गया। ग्राम में 21 पौधे का रोपण किया गया। 26 किसानों को सब्जी बीज वितरण किया गया। 158 छात्र-छात्राओ को कापी, पेन, पुस्तक वितरण किया गया। रम्भा देवी जोशी को समता साहित्य अकादमी शाखा जिला-बस्तर का संरक्षिका मनोनीत किया गया। इस दौरान अध्यक्ष लछिन्धर नाग, सोमारू राम नाग, सरपंच बड़े बोदल गंगाराम कश्यप सरपंच, बुदरु राम नाग, मंगलसाय, झितरु पुजारी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### जनजातीय समाज के योगदान को कांग्रेस ने भुला दिया : सांसद

# पन्ना प्रमुख स्तर पर संगठन को मजबूत बनाना हमारा लक्ष्य : केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/भानपुरी

- सरकार बनाने में कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान : दिनेश



बस्तर जिले के नारायणपुर विधानसभा में आयोजित मतदाता आभार सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक और वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि राज्य की विष्णुदेव साय सरकार बस्तर सहित छत्तीसगढ़ की सवांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार ने किसानों, महिलाओं, छात्रों के हित में ढेर सारे फैसले लिए हैं और भविष्य में भी समाज के सभी वर्गोंर् को साथ लेकर विकास के नए सोपान तय किए जाएंगे। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का पैसा सभी किसानों को मिले ये सुनिश्चित करना भी हम सबकी जिम्मेदारी है। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता साल के 365 दिन जनता के बीच रहकर कार्य करता है, यह हमारे संगठन की ताकत है। बिजली की समस्या, पानी की समस्या सहित किसी भी प्रकार की समस्या का निराकरण करना सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। मतदाता आभार सम्मेलन में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, भाजपा जिला अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, नारायणपुर भाजपा अध्यक्ष रूपसाय सलाम, बृजमोहन देवांगन, जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान, जनपद अध्यक्ष टिकेश्वरी मंडावी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष तरुण चोपड़ा, विजय पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष संतोष बघेल, महामंत्री प्रवीण सांखला, भास्कर जोशी, खितेष मौर्य सहित हजारों की संख्या में भाजपा के प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### आजादी में जनजातीय समाज की महत्वपूर्ण भूमिका

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि देश की आजादी में जनजातीय समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही जिसे कांग्रेस ने भुला दिया। कांग्रेस ने 60 सालों तक जनता को भ्रमित करने का असफल प्रयास किया। अब जनता कांग्रेस पार्टी की सच्चाई समझ चुकी है।

#### 5 साल के कांग्रेस शासनकाल में लोग रहे परेशान

पूर्व सांसद दिनेश कश्यप ने कहा कि जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है तब से विकास कायोंर् में तेजी आई है। भूपेश बघेल के 5 साल के कार्यकाल में जनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित थी। साय सरकार के द्वारा बस्तर में आने वाले समय में और भी महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे।

## सम्मान के साथ सेवानिवृत कर्मचारियों को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ लघुवेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के द्वारा सेवानिवृति उपरांत विदाई समारोह का पटवारी सदन लालबाग में किया गया। जिसमें जिला शाखा के समस्त ब्लाक के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने सेवानिवृत कर्मियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। नीलकंठ साहू ने कहा कि यह भावुक कर देने वाला समय है। निवर्तमान संभागीय अध्यक्ष रामदयाल जैन, लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष तिलक राम, जिला कार्यालय विभाग अध्यक्ष गंजू राम मौर्य, नीलधीर सेठिया, चेतेगा, पूनम कुमार, जालन्धर कश्यप का सम्मान किया गया। इस दौरान संघ के जिला शाखा सचिव कुंजबिहारी ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष विनोद पाणीग्राही, जिला संगठन सचिव नीलांबर सेठिया, जिला उपाध्यक्ष इंदु ठाकुर एवं अन्य लोग उपस्थित थे।